कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा
जिला - दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
Website: www.gmkgc.in Email: gmkgcdantewada@gmail.com
Phone 07856252641-07856252681

क्रमांक -019/स्था./अतिथि व्याख्याता/2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक – 31.07.2025

## – : : अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन : : –

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज. स्था. /2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक – 23.07.2025 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 में शासकीय महाविद्यालय के रिक्त प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापको पर अतिथि व्याख्याता/ अतिथि शिक्षण सहायकों की व्यवस्था की अनुमति प्रदान किए जाने के परिणामस्वरूप शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाडा जिला दंतेवाडा (छ.ग.) पिन– 494449 में रिक्त प्राध्यापक पद के विरूद्ध निम्नलिखित विषय में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के आवेदन दिनांक 11 अगस्त 2025 सायं 5.00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2. आयु सीमा :– अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक।

3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियो को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय / पदों का विवरण :–

| क्रमांक | विषय | रिक्त पद एवं संख्य |
|---|---|---|
| | | प्राध्यापक |
| 1 | अंग्रेजी | 1 |

टीप :– 1. संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी

2. अतिथि व्याख्याता नीति – 2024 कंडिका क्रमांक 9.6 के अनुसार श्रेणी 1, 2 एवं 3 के अभ्यर्थी नहीं होने की स्थिति में गतवर्ष 2024 –25 में कार्यरत् अतिथि शिक्षण सहायक की ही सेवाएँ ली जायेगी।

शर्ते :–

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर सेट / नेट, एम.फिल. / पी–एच. डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे।

02. दिनांक 11 अगस्त 2025 को संध्या 5.00 बजे तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा ।

03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी ।

04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 14.08.2025 महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालय के वेबसाइट **Website: www.gmkgc.in** में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा ।

05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि – 20.08.2025 तक होगी।

06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 23.08.2025 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेवसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय मे कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नही है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत / कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10. अतिथि व्याख्याताओं के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखंडों के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानेदय | 1600/– (41600/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30000/– प्रतिमाह अधिकतम) |
| 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | | |
| 1 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 2 | चार कालखंडों के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानेदय | 2000/– (50000/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/– (35000/– प्रतिमाह अधिकतम) |

11.आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाडा जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) पिन– 494449 वं आवेदित विषय /पद आवश्यक रूप से लिखें।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्यख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे ।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी,जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे ।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नही होंगे ।

अतिथि व्याख्याता प्रभारी
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा(छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या
महाविद्यालय दंतेवाडा
जिला – दक्षिण बस्तर
(छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College
Dantewada (C.G.)

पृष्ठां.कमाक –     /स्था./अतिथि व्याख्याता/2025                    दन्तेवाड़ा, दिनांक – 31.07.2025

प्रतिलिपिः– 1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक सी 3 द्वितीय/तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।

2. कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचनार्थ

3. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, (छ.ग.) को सूचनार्थ।

4.जनसंपर्क अधिकारी, जिला – दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचनार्थ

5. प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय.................................................... महाविद्यालय ..........................................
को इस सूचना को सूचना पटल पर स्थान देने के अनुरोध सहित प्रेषित।

6.महाविद्यालयीन सूचना पटल एवं वेबसाइट पर चस्पा हेतु।

7. स्थापना एवं लेखा शाखा

प्राचार्य
शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या
महाविद्यालय दंतेवाडा
जिला – दक्षिण बस्तर
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt Mahendra Karma Girls college
Dantewada (C.G.)